अमर उजाला 19/02/2025

# डॉ. धर्मवीर ने जीता बैडमिंटन का फाइनल




बैडमिंटन प्रतियोगिता में सम्मानित विजेता शिक्षक। प्रवक्ता

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में कॉलेज के सभी शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉ सुरजीत इस मैच के कार्यवाहक प्रभारी रहे। इस बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

वहीं फाइनल मुकाबले में डॉ धर्मवीर सैनी प्रथम, डॉ कुलदीप यादव द्वितीय और डॉ दीपक तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां न केवल शिक्षकों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करती हैं, बल्कि कॉलेज में एक सकारात्मक और स्वस्थ वातावरण का निर्माण भी करती हैं।

इसके अलावा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख बृजेश कुमार ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। यह न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम है, बल्कि मानसिक मजबूती और अनुशासन को भी विकसित करता है। इस अवसर वरिष्ठ शिक्षक, डॉ. एसएस नैन, डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. एसके पांडे, डॉ. तृप्ति शर्मा आदि मौजूद रहे।